राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय तलवारबाजी प्रतियोगिता का आगाज

विभिन्न प्रमंडलों के 125 प्रतिभागी ले रहे हिस्सा

बेतिया। खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना तथा जिला प्रशासन, पश्चिम चम्पारण के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक खेल कार्यक्रम के तहत राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता-2026 का गुरुवार को खेल भवन-सह-व्यायामशाला भवन, बेतिया में भव्य शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन समारोह का आगाज दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उप विकास आयुक्त श्री काजले वैभव नितिन एवं प्रभारी जिला खेल पदाधिकारी राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में खेल भावना के साथ सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला। संगीत शिक्षिका खुशबू मिश्रा एवं लिसा चंद्रा के कुशल निर्देशन में राज्य संपोषित कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। वहीं, राज्य इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शानदार समूह नृत्य की प्रस्तुति देकर समारोह को आकर्षक बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने सराहना की। प्रभारी जिला खेल पदाधिकारी श्री राकेश कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जा रही है। इसमें अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक तलवारबाज अपनी प्रतिभा, तकनीक, फुर्ती एवं खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रमंडलों तथा एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के कुल 125 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में तिरहुत, पटना, भागलपुर, कोसी, मुंगेर एवं मगध प्रमंडलों के खिलाड़ियों के साथ एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के प्रतिभागी शामिल हैं।

खिलाड़ियों को बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनके भोजन एवं आवासन की व्यवस्था राज इंटर कॉलेज में की गई है। प्रतियोगिता के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा सात तकनीकी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। तकनीकी पदाधिकारी प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में नियमों के अनुपालन एवं खेल संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय मंच प्रदान करने तथा तलवारबाजी के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। अगले तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

चक्रवाती तूफान अर्नब का दिखा असर, छाए रहे बादल

मध्यान बाद से हो रही रिमझिम बारिश से खरीफ फसल पर प्रतिकूल असर

लौरिया (संवाद सूत्र)। तटीय प्रदेश तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में और चक्रवाती तूफान अर्नब ने तराई क्षेत्र लौरिया सहित पूर्वोत्तर क्षेत्रों में अपना असर दिखाने लगा और बुधवार की मध्य रात्रि से ही आकाश काले बदलो से ढक गया वही रात में चांद और दिन में भगवान सूर्य देव के दर्शन को लोग तरस गए । इधर रही सही कसर दोपहर बाद रुक रुक कर हो रही रिमझिम बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया । स्कूलों से छुटे विद्यार्थी रिमझिम बारिश का लुत्फ उठाते भीगते हुए अपने घरों की ओर बढ़ चले तो खेतों में तैयार खरीफ फसल धान की कटाई सहित दउनी और धान की बोझा की बधनी पर बुरा असर पड़ने लगा । जिससे किसानों के तैयार खरीफ फसल को संजोने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आलम यह रहा कि किसान वर्ग किसी तरह फसल को घर तक पहुंचाने में काफी व्यस्त रहे तो अपने नसीब को कोसते नजर आए। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार तेज हवाओं का कहर भी देखने को लेकर अलर्ट किया गया है परन्तु अभी इससे राहत का आलम बरकरार है । हाट बाजारों में भी बारिश शुरू होते ही धीरे धीरे सन्नाटा पसरने लगा । कुल मिलाकर क्षेत्र में बे मौसम बरसात से कही खुशी तो कही गम का माहौल रहा।

अहले सुबह गांव में घुसा मगरमच्छ ग्रामीणों में अफरा-तफरी

योगापट्टी। योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के नवलपुर थाना अंतर्गत ढ़ढ़वा पंचायत के दूधिईवा गांव वार्ड नंबर पांच मे गुरुवार सुबह तीन बजे मकरध्वज राम के घर के सामने पीसीसी सड़क पर मगरमच्छ दिखा जिसको देखते ही गांव मे अफरा तफरी मच गया अल्हे सुबह ही हल्ला होते ही ग्रामीण अपने अपने घरो से निकल देखने लगे ग्रामीण अवधेश राम, सुरेश राम,घनश्याम राम ने नवलपुर पंचायत के मुखिया पति संतोष राम को सुचना कर दूरभाष के माध्यम से नवलपुर थाना मे सूचना किया जहाँ थाना से उन्हें वन विभाग का नंबर (7033225382) दिया गया तब ग्रामीणों ने दूरभाष के माध्यम से सुचना देना चाहा लेकिन वन विभाग का नंबर बंद आ रहा था वही इसी पंचायत मे लगभग पांच छ-रोज पहले नदी किनारे मगरमच्छ देखा गया था बार बार मगरमच्छ दिखने से दूधियवा गांव मे लोगो को डर बना हुआ है कि इस तरह गांव के इर्द गिर्द मगरमच्छ के रहने से किसी प्रकार की जान माल की क्षति की आशंका बनी रहती है वही सुबह 7.30 बजे प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि मगरमच्छ का शिवबालक मंडल कोइरगांवा निवासी के द्वारा सावधानी पूर्वक सफल रिस्कीयू किया गया, शिवबालक मण्डल स्नेक रिस्कीयू करते है,मगरमच्छ के पकड़ेजाने की खबर से ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया 7इस तथ्य के बारे मे पूछने पर शिवबालक मंडल द्वारा बताया गया कि मुझे दूधियवा पंचायत के सरपंच बेदांती यादव द्वारा सूचना मिला कि हमारे पंचायत के दूधियवा गांव मे मगरमच्छ निकलकर घूम रहा है।

तीन नाबालिग अपहृता गुजरात से बरामद

बेतिया। गत 22 अक्टूबर को आवेदिका सीता देवी (काल्पनिक नाम) पति रमेश राम (काल्पनिक नाम) के द्वारा थानाध्यक्ष मझौलिया को यह सूचना दी गई कि इनकी नाबालिक पुत्री एवं अन्य उसकी दो सहेली दिनांक 21.10.26 को दुर्गा पूजा का मेला देखने के लिए बोलकर मझौलिया बाजार गई थी किंतु घर वापस नहीं लौटी । इस संबंध में वादिनी के आवेदन के आधार पर वादिनी की नाबालिग लड़की एवं अन्य दो नाबालिग लड़की को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपहरण कर लेने के आरोप में मझौलिया थाना में सुसंगत धाराओं में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय बेतिया के द्वारा घटना को गंभीरता एवं संवेदनशीलता पूर्वक लेते हुए उक्त कांड की तीनों नाबालिग अपहृता की सकुशल बरामदगी करने हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 बेतिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तत्पश्चात तकनिकी एवं मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर 24 घंटा के अंदर कांड की तीनों नाबालिग अपहृता को गुजरात के सुरत शहर से स्थानीय थाना के सहयोग से सही सलामत बरामद किया गया है एवं घटना में शामिल एक विधि विरुद्ध बालक को भी निरूद्ध किया गया है। कांड की बरामद तीनों नाबालिग अपहृता एवं विधि विरूद्ध बालक को गुजरात के सुरत शहर से कल दिनांक-28.10.26 की रात्रि को बेतिया लाया गया है। कांड की बरामद तीनों अपहृता एवं विधि विरूद्ध बालक के संबंध में अग्रिम विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

नये पर्यटन सत्र में 20 हजार से ज्यादा पर्यटकों ने किया भ्रमण

वाल्मीकिनगर (पचं)। पड़ोसी देश नेपाल के चितवन निकुंज में नए पर्यटन सत्र में अब तक 20 हजार से ज्यादा पर्यटकों ने भ्रमण किया है । चितवन निकुंज में जंगल



सफारी के शुरू होने के साथ ही स्वदेशी तथा विदेशी पर्यटकों का आना शुरू हो गया था। चितवन राष्ट्रीय निकुंज के सूचना अधिकारी गणेश तिवारी ने बताया कि नए पर्यटन सत्र में 11891 स्वदेशी तथा 8196 विदेशी पर्यटकों ने निकुंज का भ्रमण किया है। इस दौरान पर्यटकों से एक करोड़ 73 लाख 44 हजार 650 रूपये का राजस्व की प्राप्ति हुई है। जिसमें स्वदेशी पर्यटकों से 17 लाख 83 हजार 650 रुपये तथा विदेशी पर्यटकों से एक करोड़ 56 लाख 61 हजार शामिल है। चितवन निकुंज में दुर्लभ वन्य जीव को देखने के लिए देश विदेश से पर्यटक पहुंचते है। पर्यटक जंगल सफारी के दौरान गैंडा,बाघ,हाथी,भालू, घड़ियाल, सहित अन्य वन्य जीव एवं पक्षियों का दीदार करते है।

कंगली थाना क्षेत्र में पानी में गिरी कार

सिकटा (पश्चिमी चंपारण)। कंगली थाना क्षेत्र के बसंतपुर सैनिक रोड पर संतुलन बिगड़ने के कारण एक कार सड़क किनारे पानी में जा गिरी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि, इस हादसे में कार चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। चालक को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बसंतपुर सैनिक रोड पर कार चलाते समय चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिसके कारण कार पानी में चली गई। गनीमत रही कि इस घटना में चालक को कोई चोट नहीं लगी और एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की तस्वीर में कार पानी में डूबी हुई दिखाई दे रही है, जबकि आसपास खेत और जंगली घास मौजूद हैं।

छापेमारी में 59.4 लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार

नौतन। नौतन थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से कुल 59.4 लीटर शराब बरामद की है। इस दौरान एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, नौतन थाना कांड संख्या 542/26 के प्राथमिक अभियुक्त पुनदेव सहनी को बैरागी मठ के पास से 32.4 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, कांड संख्या 543/26 के प्राथमिक अभियुक्त अब्दुल रहमान को नौतन मंदिर के पास से छह लीटर विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया। उसके पास से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। इसी क्रम में नौतन थाना कांड संख्या 544/26 में राकेश पासवान को गहरी गम्हरिया स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस के लिए नितेश का हुआ चयन

वाल्मीकिनगर (पचं)। प्रखंड बगहा दो के चम्पापुर गोनौली पंचायत से समाजिक कार्यकता नितेश कुमार गुजरात के नर्मदा जिले स्थित एकता नगर (केवड़िया) में 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस में भाग लेंगे। प्रथम उप प्रधानमंत्री सह गृह मंत्री के जयंती के अवसर पर प्रदेश व जिले से विभिन्न छात्र छात्राओं युवाओं व सामाजिक संगठनों,प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे, साथ ही युवाओं को प्रधानमंत्री से संवाद करने का भी अवसर मिलेगा। नितेश कुमार ने इस विषय में जानकारी देते हुए बताया कि युवा सामाजिक कार्यकर्ता व छात्र के रूप बगहा क्षेत्र से मेरा चयन होना मेरे लिए प्रेरणादायी और गौरव की बात है। इस अवसर पर मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के संदेशों व देश के लिए दिए गए उनके योगदानों की जानकारी प्राप्त कर उसे अपने क्षेत्र में साझा करने के साथ साथ समाज कल्याण के लिए उपयोग कर सकूं। नितेश ने आगे बताया कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से देश को एकता के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने अपने चयन के लिए माय भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय,जिला समाहरणालय तथा शिक्षा विभाग अनुमंडल कार्यालय बगहा सहित चयन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
नालन्दा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ

अति अल्पकालीन निविदा संख्या -02 ना0भ0प्र0, बिहारशरीफ/वर्ष2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता नालन्दा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ, ।
2. निविदा आंमत्रण की तिथि :-दिनांक 27.10.2026
3. परिमाण-विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 05.11.2026 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय :- दिनांक 06.11.2026 को 1:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 06.11.2026 को 3.00 बजे अपराह्न से।
6. परिमाण विपत्र बिक्रि का स्थान :- (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पटना भवन अंचल, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, नालन्दा भवन प्रमंडल,बिहारशरीफ।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :- क्रमांक (6) पर वर्णित स्थान पर।
8. कार्य का विवरणी :-

क्रमांक	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू. में)	निविदा कागजात का मूल्य (रू. में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	A.P.P work over roof of D.M Residence Nalanda for the year 2026-27	354581.00	750.00	7100.00	07 दिन
2	Repair and Painting work of Qtr No D-1 (D-Type) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	196166.00	500.00	4000.00	07 दिन
3	Repair and Painting work of Qtr No D-3 (D-Type Qtr) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	194315.00	500.00	4000.00	07 दिन
4	Repair and Painting work of Qtr No D-4 (D-Type Qtr) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	225216.00	500.00	4550.00	07 दिन
5	Repair and Painting work of Qtr No D-6 (D-Type Qtr) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	201092.00	500.00	4050.00	07 दिन
6	Repair and Painting work of Qtr No D-7 (D-Type Qtr) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	209892.00	500.00	4200.00	07 दिन
7	Repair and Painting work of Qtr No D-8 (D-Type Qtr) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	195242.00	500.00	4000.00	07 दिन
8	Repair and Painting work of Qtr No D-9 (D-Type Qtr) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	189986.00	500.00	4000.00	07 दिन
9	Repair and Painting work of Qtr No D-11 (D-Type Qtr) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	196286.00	500.00	4000.00	07 दिन
10	Repair and Painting work of Qtr No D-13 (D-Type Qtr) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	195109.00	500.00	4000.00	07 दिन
11	Repair, Painting, P.H and Sanitary Installation work of D.M Residence Nalanda for the year 2026-27	1498822.00	2500.00	30000.00	15 दिन
12	Renovation of Boundary wall of D.M Residence Nalanda for the year 2026-27	299897.00	750.00	6000.00	07 दिन
13	Campus Development of D.M Residence Nalanda for the year 2026-27	1198817.00	2500.00	24000.00	15दिन
14	Repair and Painting work of SDM Residence Bihar Sharif for the year 2026-27	432588.00	750.00	8700.00	07 दिन
15	Inside Repairing, Painting & PHE works of C-Type Qtr No-01 to 4 (4 Unit) which is Situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	337500.00	750.00	6750.00	07 दिन
16	Inside Repairing, Painting & PHE works of C-Type Qtr No-07 to 8 (2 Unit) which is Situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	198987.00	500.00	4000.00	07 दिन
17	Inside Repairing, Painting & PHE works of C-Type Qtr No-09 to 11 (3 Unit) which is Situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	297074.00	750.00	6000.00	07 दिन
18	Inside Repairing, Painting & PHE works of C-Type Qtr No-12 to 15 (4 Unit) which is Situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	347335.00	750.00	7000.00	07 दिन
19	Internal Repair and Painting work of Ground floor of Collectorate Building Nalanda for the year 2026-27	968649.00	1250.00	19500.00	10 दिन
20	Annual Repair and Painting work of Sub-Divisional office Bihar Sharif for the year 2026-27	499413.00	750.00	10000.00	07 दिन
21	Outside Repair, Painting work of information building (G+1) Bihar Sharif for the year 2026-27	180773.00	500.00	3650.00	07 दिन
22	Repair and Painting work of District Social welfare office building for the year 2026-27	154809.00	500.00	3100.00	07 दिन
23	Repair and Painting work of Sadbhav Mandap building Bihar Sharif for the year 2026-27	254664.00	750.00	5100.00	07 दिन
24	Repair and Painting work of Boundary wall and campus development of jail superident residence which is situated in the campus of Mandal Kara Bihar Sharif for the year 2026-27	274471.00	750.00	5500.00	07 दिन
25	Floor Repair of Doctor Residence (C-1) which is situated in the campus of Mandal Kara Bihar Sharif for the year 2026-27	248225.00	500.00	5000.00	07 दिन
26	Repair and Painting work of Special Cell which is situated in the campus of Mandal Kara Bihar Sharif for the year 2026-27	198214.00	500.00	4000.00	07 दिन
27	Special Repair & Painting work of Boundary wall and campus Development of Circuit House Bihar Sharif Nalanda for the year 2026-27	496000.00	750.00	9950.00	07 दिन
28	Annual Repair and painting work Qtr No E-1 (E-Type Qtr) (Municipal Commissioner) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	1206601.00	2500.00	24200.00	15 दिन
29	Repair and painting work Qtr No E-2 (E-Type Qtr) (E-Type Qtr) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	426489.00	750.00	8600.00	07 दिन
30	Repair and painting work Qtr No E-3 (E-Type Qtr) (E-Type Qtr) (C.O.P) which is situated in D.M Colony Bihar Sharif for the year 2026-27	249103.00	500.00	5000.00	07 दिन
31	Repair and painting work of E-Type building Qtr No E-4 (C.O.P) at Bihar Sharif for the year 2026-27	481721.00	750.00	9650.00	07 दिन
32	Inside Repairing, painting & P.H.E works of A -Type (12 unit) residence Bihar Sharif Nalanda for the year 2026-27	375474.00	750.00	7550.00	07 दिन
33	Outside Repairing, Painting work of A-Type (12 unit) residence Bihar Sharif Nalanda for the year 2026-27	217232.00	500.00	4350.00	07 दिन
34	Inside Repairing, painting & P.H.E works of A -Type (7 unit) residence Bihar Sharif Nalanda for the year 2026-27	244912.00	500.00	5000.00	07 दिन
35	Outside Repairing, Painting work of A-Type (7 unit) residence Bihar Sharif Nalanda for the year 2026-27	152770.00	500.00	3100.00	07 दिन
36	Repair Painting & P.H.E works of B -Type Qtr No- 01 to 03 (3 unit) residence Bihar Sharif Nalanda for the year 2026-27	322732.00	750.00	6500.00	07 दिन
37	Repair Painting & P.H.E works of B -Type Qtr No- 4 to 7 (4 unit) residence Bihar Sharif Nalanda for the year 2026-27	372672.00	750.00	7500.00	07 दिन
38	Repair Painting & P.H.E works of B -Type Qtr No- 08 to 11 (4 unit) residence Bihar Sharif Nalanda for the year 2026-27	364854.00	750.00	7300.00	07 दिन
39	Repair Painting & P.H.E works of B -Type Qtr No- 12 to 15 (4 unit) residence Bihar Sharif Nalanda for the year 2026-27	367284.00	750.00	7350.00	07 दिन
40	Repair Painting & P.H.E works of B -Type Qtr No- 16 to 19 (4 unit) residence Bihar Sharif Nalanda for the year 2026-27	366836.00	750.00	7350.00	07 दिन
41	Repair and Painting of outer portion & Garrage of Civil SDO Residence Hilsa for the year 2026-27	199655.00	500.00	4000.00	07 दिन
42	Renovation of 2 Nos Toilet & Drain of Civil SDO Residence Hilsa for the year 2026-27	249761.00	500.00	5000.00	07 दिन
43	Repair and Painting of outer portion , Stair Portion, Roof & PHE work of Residence No. C-1, C-2, C-3, C-4 in Block Colony Hilsa for the year 2026-27	274600.00	750.00	5500.00	07 दिन
44	Provision of Submerssible Boring in Residence No. C-1 & C-2 in Block Colony Hilsa for the year 2026-27	224900.00	500.00	4500.00	07 दिन
45	Provision of Submerssible Boring in Residence No. C-6 & C-8 in Block Colony Hilsa for the year 2026-27	224900.00	500.00	4500.00	07 दिन
46	Repair and Painting of inner portion of Ground, First & Second Floor of Civil SDO office Hilsa for the year 2026-27	574589.00	1250.00	11500.00	10 दिन
47	Water supply, Sanitation & PH work in Civil SDO office Hilsa for the year 2026-27	124954.00	500.00	2500.00	07 दिन
48	Repair & Painting of Supritendent office of Sub-Jail Hilsa for the year 2026-27	299647.00	750.00	6000.00	07 दिन
49	Repair & Painting, PHE & sanitation work in Lady's Kaidi ward in Sub-Jail Hilsa for the year 2026-27	323619.00	750.00	6500.00	07 दिन
50	Repair and Painting of inner & outer portion & PH work in circuit house (old) Rajgir for the year 2026-27	835390.00	1250.00	16750.00	10 दिन
51	अनुमंडल पदाधिकारी, राजगीर के कार्यालय कक्ष का मरम्मति एवं जिर्णोद्धार कार्य (वित्तीय वर्ष 2026-27)	615193.00	1250.00	12350.00	10 दिन
52	एम0ओ0 रेस्ट हाउस के 12 कमरों के आंतरिक भाग का मरम्मति एवं रंग-रोगन कार्य (वित्तीय वर्ष 2026-27)	997041.00	1250.00	20000.00	10 दिन
53	Necessary Repair & painting of Qtr No- 103 in 12 P.O Quarter in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	228351.00	500.00	4600.00	07 दिन
54	Necessary Repair & painting of Qtr No- 104 in 12 P.O Quarter in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	249843.00	500.00	5000.00	07 दिन
55	Necessary Repair & painting of Qtr No- 201 in 12 P.O Quarter in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	299938.00	750.00	6000.00	07 दिन
56	Necessary Repair & painting of Qtr No- 301 in 12 P.O Quarter in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	210052.00	500.00	4250.00	07 दिन
57	Necessary Repair & painting of Qtr No- 302 in 12 P.O Quarter in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	197255.00	500.00	4000.00	07 दिन
58	Necessary Repair & painting of Qtr No- 303 in 12 P.O Quarter in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	221956.00	500.00	4500.00	07 दिन
59	Necessary Repair & painting of Qtr No- 304 in 12 P.O Quarter in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	210600.00	500.00	4250.00	07 दिन
60	Necessary Repair & painting of Qtr No- 01 in P.O Quarter Block A in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	217547.00	500.00	4400.00	07 दिन
61	Necessary Repair & painting of Qtr No- 02 in P.O Quarter Block A in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	198386.00	500.00	4000.00	07 दिन
62	Necessary Repair & painting of Qtr No- 03 in P.O Quarter Block A in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	335820.00	750.00	6750.00	07 दिन
63	Necessary Repair & painting of Qtr No- 04 in P.O Quarter Block A in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	197096.00	500.00	3950.00	07 दिन
64	Necessary Repair & painting of Qtr No- 07 in P.O Quarter Block B in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	198208.00	500.00	4000.00	07 दिन
65	Necessary Repair & painting of Qtr No- 08 in P.O Quarter Block B in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	201000.00	500.00	4050.00	07 दिन
66	Necessary Repair & painting of Qtr No- 09 in P.O Quarter Block C in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	335037.00	750.00	6750.00	07 दिन
67	Necessary Repair & painting of Qtr No- 15 in P.O Quarter Block D in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	217945.00	500.00	4375.00	07 दिन
68	Necessary repair & Painting of Qtr No- 204 in 12 P.O Quarter in D.M Colony Biharsharif for the year 2026-27	200048.00	500.00	4050.00	07 दिन
69	Necessary Repair & Painting of Residence No.- JQ-02 in Block Colony Hilsa for the year 2026-27	208080.00	500.00	4200.00	07 दिन
70	Necessary Repair & Painting of Residence No.- JQ-03 in Block Colony Hilsa for the year 2026-27	208939.00	500.00	4200.00	07 दिन
71	Necessary Repair & Painting of Residence No.- JQ-04 in Block Colony Hilsa for the year 2026-27	195660.00	500.00	4000.00	07 दिन
72	Necessary Repairing and Painting of Qtr No.- 202 in 12 P.O Quarter in Block Colony Hilsa for the year 2026-27	243645.00	500.00	5000.00	07 दिन
73	Necessary Repairing and Painting of Qtr No.- 203 in 12 P.O Quarter in Block Colony Hilsa for the year 2026-27	241645.00	500.00	5000.00	07 दिन
74	Necessary Repairing and Painting of Qtr No.- 204 in 12 P.O Quarter in Block Colony Hilsa for the year 2026-27	232709.00	500.00	4700.00	07 दिन
75	Necessary Repairing and Painting of Qtr No.- 301 in 12 P.O Quarter in Block Colony Hilsa for the year 2026-27	234526.00	500.00	4700.00	07 दिन
76	Necessary Repairing and Painting of Qtr No.- 304 in 12 P.O Quarter in Block Colony Hilsa for the year 2026-27	244498.00	500.00	5000.00	07 दिन
77	Necessary Repair & painting of Court & office of the Principal District & Sessions Judge BiharSharif for the year 2026-27	503495.00	1250.00	10100.00	10 दिन
78	Necessary Repair and painting outer portion of 12 court Building (G+4) in the campus of Civil Court, Bihar Sharif (Nalanda) for the year 2026-27	741300.00	1250.00	14850.00	10 दिन
79	Necessary Repair and painting outer portion Block 05 in the campus of Civil Court, Bihar Sharif (Nalanda) for the year 2026-27	288113.00	750.00	5800.00	07 दिन
80	Necessary Repair and painting of Loak Adalat (outer portion, stair area & Boundary wall) with water supply and sanitary work of Civil Court, Bihar Sharif (Nalanda) for the year 2026-27	302484.00	750.00	6050.00	07 दिन
81	Provision of Seating Bench for letigants at Civil Court, Bihar Sharif (Nalanda) for the year 2026-27	242939.00	500.00	4900.00	07 दिन
82	Renovation of View cutter Behind 10-court in the campus of Civil Court, Bihar Sharif, Nalanda for the year 2026-27	223937.00	500.00	4500.00	07 दिन
83	Construction of Preamble of the constitution engraved upon granite to be installed in the Park of Civil Court campus at Bihar Sharif for the year 2026-27	247736.00	500.00	5000.00	07 दिन
84	Renovation work of Tree Grating at Civil Court, BiharSharif (Nalanda) for the year 2026-27	242551.00	500.00	5000.00	07 दिन
85	Necessary Repair & painting of Record room in the campus of Civil Court BiharSharif for the year 2026-27	195327.00	500.00	4000.00	07 दिन
86	Development/Repair of Drainage for Rain water behind 10-Court at the campus of Civil Court, BiharSharif (Nalanda) for the year 2026-27	208368.00	500.00	4200.00	07 दिन
87	Covering of all Drains with R.C.C Slab and repair, maintenance of Drain Pipes in the campus of Civil Court, Bihar Sharif (Nalanda) for the year 2026-27	416000.00	750.00	8350.00	07 दिन
88	Development of Parking area Behind record room in the campus of Civil Court, Bihar Sharif (Nalanda) for the year 2026-27	208800.00	500.00	4200.00	07 दिन
89	Display of Signage and building names of the Court, Building Bihar Sharif for the year 2026-27	185801.00	500.00	3750.00	07 दिन
90	Installation of tile, putty painting work in remaining part of 10 court building (G+2) in the campus of Civil Court, Bihar Sharif (Nalanda) for the year 2026-27	866500.00	1250.00	17350.00	07 दिन
91	Outer Painting of 10 court building, under Priority No-5 at the campus of Civil Court, Bihar Sharif (Nalanda) for the year 2026-27	761000.00	1250.00	15250.00	10 दिन
92	Installation of water supply and sanitary in 12 court at Civil Court, Bihar Sharif (Nalanda) for the year 2026-27	652300.00	1250.00	13050.00	10 दिन
93	Repair & Painting with water supply and sanitary work Heritage Building of Civil Court, Bihar Sharif (Nalanda) for the year 2026-27	403460.00	750.00	8100.00	07 दिन
94	Water tank cleaning & roof cleaing of 12 Court Building in the campus of Civil Court, Bihar Sharif (Nalanda) for the year 2026-27	61253.00	500.00	1250.00	07 दिन
95	wall Panelling & flooring work of Hon'ble II Judges chamber (Left & Right side) in the campus of Civil Court Biharsharif for the year 2026-27	325000.00	750.00	6500.00	07 दिन
96	Repair & Painting of Ticket Counter, Guard room & Park Boundary in the campus of Civil Court BiharSharif for the year 2026-27	251920.00	750.00	5050.00	07 दिन
97	Repair & Painting of outer Portion (G+2) of 12 Court Building in the campus of Civil Court Hilsa for the year 2026-27	637298.00	1250.00	12750.00	10 दिन
98	Repair & Painting of outer Portion of 4 Court Building (G+1) in the campus of Civil Court Hilsa for the year 2026-27	261400.00	750.00	5250.00	07 दिन
99	Repair & Painting of outer Portion of Hajat Bhavan (G+1) & 06 Court Building in the campus of Civil Court Hilsa for the year 2026-27	282208.00	750.00	5650.00	07 दिन
100	Covering of all Drains with slabs and rapair/maintaince drain pipes Around 12 Court Building in the camus of Civil Court Hilsa for the year 2026-27	342635.00	750.00	6900.00	07 दिन
101	Covering of all Drains with slabs and rapair/maintaince drain pipes Around 04 Court Building in the camus of Civil Court Hilsa for the year 2026-27	146913.00	500.00	2950.00	07 दिन
102	Covering of all Drains with slabs and rapair/maintaince drain pipes Around Hajat Building in the camus of Civil Court Hilsa for the year 2026-27	89100.00	500.00	1800.00	07 दिन
103	Necessary Repair & painting of 4 Nos Toilet & Staff toilet in Civil Court Hilsa for the year 2026-27	141467.00	500.00	2900.00	07 दिन
104	Repair & Painting of watch tower (2 Nos), Santari post (2 Nos)] ticket Pass Counter, Litigate shed in the campus of Civil Corut Hilsa for the year 2026-27	252832.00	750.00	5100.00	07 दिन
105	Necessary repair of Generator shed near 12 court Building & Tree painting in the campus of Civil Court Hilsa for the year 2026-27	114652.00	500.00	2300.00	07 दिन
106	Repair & painting of Boundary wall & Gate of Civil Court Hilsa for the year 2026-27	177783.00	500.00	3600.00	07 दिन

20. विस्तृत जानकारी के लिए **state.bihar.gov.in/prdbihar** या सूचना पट्ट/अधोहस्ताक्षरी से उनके कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

PR- 014447 (B C D) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता,
नालंदा भवन प्रमंडल,बिहारशरीफ।